Govt.of MadhyaPradesh
मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director
Panna Tiger Reserve
Panna, Madhya Pradesh, (India)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve
पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व से बाघ प्रेमियों को और एक तोहफा

विगत कुछ दिनों से टी–2 के दूसरे लिटर को लेकर चारों ओर खबरें ह। पार्क प्रबन्धन को अपने सतत व सटीक अनुश्रवण प्रणाली के तहत इस जानकारो की पुष्टि थी कि टी–2 ने अपने दूसरे लिटर की सन्तान को जन्म दे दिया है। परन्तु बाघ को डिस्टर्व किये बगैर इस बात की पुष्टि किया जाना कठिन था। दिनांक 22.5.2012 को क्षेत्र संचालक, श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति व अन्य अनुश्रवण टीम के सदस्यों के द्वारा टी–2 की गुफा में उनके दूसरे लिटर के 24 दिन के 3 शावकों को प्रत्यक्ष रूप से देखा गया। इस प्रकार आज की स्थिति में टी–2 के दूसरे लिटर के 3 शावक के जन्म होने की पुष्टि की जाती है। बाघ शावक गुफा के भीतर कम रोशनी के कारण उनकी फोटो नहीं ली जा सकी। यह भी उल्लेखनीय है कि इस दूसरे लिटर में और शावकों का इजाफा होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, जिसकी पुष्टि कुछ माहों के बाद ही की जा सकती है।

File Photo T-2

उल्लेखनीय है कि इसो सप्ताह में विश्व बैंक की ग्लोबल टाईगर इनीसियेटिव (जी.टी.आई) के 10 सदस्यों की टीम पन्ना टाईगर रिजर्व की बाघ पुर्नस्थापना योजना की सफलता का अध्ययन करने भ्रमण पर आई थी। तीन दिनों में उनके द्वारा 10 बाघ एवं शावकों को निहारा गया एवं पन्ना टाईगर रिजर्व की बाघ पुर्नस्थापना योजना का दुनिया के कम बाघ इलाकों में बाघों की वृद्धि करने के सम्बन्ध में अनुकरणीय ठहराते हुए सराहा गया। इसी अवधि में शासकीय प्रवास पर पधारे डा. पी.आर. सिनहा, निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के द्वारा दो दिवसीय प्रवास में पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना को सराहा गया।

जय हिन्द, जय भारत

दिनांक – 22.05.2012

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना